>

Title: Need to take all necessary measures for withdrawal of Chinese troops from Indian territory.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): विगत तीन वर्षों से चीन द्वारा भारतीय सीमा में घुसपैठ की कार्यवाही बड़े पैमाने पर की जा रही है तथा कई किलोमीटर तक घुसकर चीनी सेनाओं ने अपनी चौकियां बना ली है एवं चीनी वायुसेना के विमान और हेलिकॉप्टरों द्वारा 100 किमी. तक घुसकर जासूसी करने की कार्यवाही भारतीय सीमा में की जा रही है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि चीन को इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए कड़ी सैनिक कार्यवाही तत्काल करने हेतु भारतीय सेना को आदेश देना चाहिए साथ ही भारत को चीन के साथ सारे व्यापारिक और औद्योगिक संबंध तोड़ लेना चाहिए तथा मध्य प्रदेश सहित तमाम उन राज्यों पर इस बात के लिए प्रतिबंध लगाना चाहिए कि विगत समय में चीन के उद्योगपतियों को अपने-अपने राज्यों में उद्योग लगाने के लिए जो अनुबंध और करार किए हैं उन्हें तत्काल निरस्त करें।